पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने जनपद श्रावस्ती में जनहित से जुड़ी सरकारी योजनाओं की समीक्षा की

------

10 क्षय रोगियों को प्रदान किया पोषण किट एवं निक्षय मित्रों को किया सम्मानित

वर्ष 2025 तक क्षय रोग को खत्म करने में निक्षय मित्र निभायें अहम भूमिका

संस्थागत प्रसव पर दिया जाए विशेष बल

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 27 जून, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने जनपद श्रावस्ती के कलेक्ट्रेट सभागार में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और पात्रता के आधार पर गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों को लाभान्वित करते रहने का निर्देश दिया। बैठक में राज्यपाल जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण/शहरी, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/नगरीय, पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना, हर घर नल योजना, आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान भारत योजना आदि की समीक्षा करते हुए शत्–प्रतिशत लाभार्थियों को योजना के लाभों से

आच्छादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन विभिन्न विभागों के माध्यम से किया जाता है। इसलिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे अपने–अपने विभागों में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं/विकास कार्यक्रमों को धरातल पर उतारें, और हर पात्र व्यक्ति को जरूर लाभान्वित करें।

बैठक में राज्यपाल जी ने 10 क्षय रोगियों को पोषण किट प्रदान किया तथा 10 निक्षय मित्रों उनके बेहतर कार्य के लिए प्रशंसा–पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने निक्षय मित्रों को आगे भी पूरे मनोयोग से काम कर टी0बी0 मरीजों के हित में कार्य करने को प्रेरित किया। उन्होने कहा कि क्षयरोग को खत्म करने में निक्षय मित्र अपनी महती भूमिका निभायें, जिससे 2025 तक देश से क्षयरोग को खत्म किया जा सके।

अपने सम्बोधन में राज्यपाल जी ने कहा कि निक्षय मित्र योजना के तहत कोई भी सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान टीबी के मरीज को गोद ले सकता है। इस अभियान के तहत व्यवस्था की गई है कि निक्षय मित्र बनने वाला व्यक्ति या संस्था कम से कम एक वर्ष के लिए और अधिक से अधिक तीन साल के लिए किसी गांव, वार्ड, पंचायत, ब्लॉक या जिले के टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण, चिकित्सा सहायता के स्तर पर जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होने कहा कि 2025 में देश से क्षय रोग को खत्म करने के लिए सरकार विभिन्न उपायों पर काम कर रही है। टीबी रोग के उन्मूलन में सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान सहित अन्य संस्थाएं अपनी मजबूत भागीदारी निभा सकते हैं।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान राज्यपाल जी ने गर्भवती महिलाएं एवं नवजात शिशुओं का समय से टीकाकरण न होने जिले में अधिक मातृ और शिशु मृत्युदर पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने टीकाकरण और संस्थागत प्रसव को शत्–प्रतिशत कराने पर जोर दिया।

बैठक में मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा ने राज्यपाल जी को अवगत कराया कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारकर पात्रजनों को लाभान्वित किया जा रहा है।

—————

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361